सं. 5-8/8/2018-बीबीएमबी(एमओपी) (कम्प्यूटर सं. 242200)

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

***

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग,

नई दिल्ली, 15 सितंबर, 2021

प्रति

1. सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली
2. अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली
3. अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली
4. विद्युत मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय पीएसयू के सभी मुख्य कार्यकारी
5. राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी मुख्य सचिव
6. विद्युत क्षेत्र की राज्य पीएसयू के सभी मुख्य कार्यकारी

   *(पात्र उम्मीदवारों के बीच परिचालन हेतु)*

**विषयः प्रबंध निदेशक, पुनातसांग्छू-I जल विद्युत परियोजना प्राधिकरण (पीएचपीए-I), भूटान के पद पर नियुक्ति।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विदेश मंत्रालय की ओर से, विद्युत मंत्रालय द्वारा भारत सरकार और भूटान की शाही सरकार के मध्य अंतर-राजकीय करार (आईजीए) के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही परियोजना पुनातसांग्छू-I जल विद्युत परियोजना प्राधिकरण (पीएचपीए-I), भूटान में प्रबंध निदेशक के पद पर विचार हेतु योग्य उम्मीदवारों का नामांकन अपेक्षित है। इस पद के लिए कंपनी प्रोफाइल एवं अन्य मानदंडों की प्रति संलग्न है।

2. प्रबंध निदेशक, पीएचपीए-I के पद के व्यापक उत्तरदायित्व हैं। अतः, यह पद एक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित उम्मीदवार द्वारा भरा जाना है जो निम्नलिखित पात्रता मानदंड पूरा करता है:

(i) निम्नलिखित अपेक्षाओं के अनुसार, आवेदक को अनिवार्य रूप से केन्द्रीय पीएसयू/राज्य पीएसयू/सीईए/सीडब्ल्यूसी का सेवारत कर्मचारी होना चाहिएः

| | |
|---|---|
| केंद्रीय/राज्य पीएसयू | महाप्रबंधक की रैंक से कम नहीं |
| सीईए/सीडब्ल्यूसी | मुख्य अभियंता की रैंक से कम नहीं |

(ii) आवेदक की, सेवानिवृत्ति की तिथि के संदर्भ में, आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि को कम से कम तीन वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए।

(iii) आवेदक को जल विद्युत परियोजनाओं में अनिवार्य रूप से परियोजना प्रबंधन का पर्याप्त अनुभव (न्यूनतम 3 वर्ष) होना चाहिए।

(iv) आवेदक को सतर्कता की दृष्टि से अनिवार्य रूप से निर्दोष होना चाहिए।

3. भूटान की शाही सरकार के साथ प्रतिनियुक्ति पर सेवा के दौरान निबंधन एवं शर्तें, भूटानी प्रतिपूर्ति भत्ते के संशोधन के संदर्भ में एमईए के, समय-समय पर यथासंशोधित, दिनांक 21.11.2001 के परिपत्र सं. ई-IV/551/9/2001 तथा एमईए के दिनांक 31 जनवरी, 2018 के नवीनतम परिपत्र द्वारा शासित होंगी।

4. अनुरोध किया जाता है कि कृपया कथित पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों के नाम, निर्धारित प्रपत्र पर विधिवत सत्यापित उनके आवेदन, विगत 5 वर्षों के लिए एसीआर एवं उनके नवीनतम सतर्कता प्रोफाइल, पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई शास्ति, यदि कोई हो, और शुरू की गई/अपेक्षित अनुशासनिक कार्रवाई, यदि कोई हो, आदि अधोहस्ताक्षरी को अग्रेषित किए जाएं, ताकि इस मंत्रालय में दिनांक **15 अक्तूबर, 2021** तक पहुंच जाएं।

5. अपूर्ण आवेदन और दिनांक 15 अक्तूबर, 2021के बाद प्राप्त आवेदन **रद्द** कर दिए जाएंगे।

भवदीय,

संलग्नकः यथोपरि।

श्री भगवान सैनी

**(एस.बी. सैनी)**
अवर सचिव, भारत सरकार
ई-मेलः- sb.saini@nic.in/desk-bbmb@gov.in

प्रतिलिपिः

1. संयुक्त सचिव (उत्तर), विदेश मंत्रालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
2. अवर सचिव (आईटी)/एनआईसी, विद्युत मंत्रालय को विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**कंपनी का नामः पुनातसांग्छू-I जल विद्युत परियोजना प्राधिकरण (पीएचपीए-I), भूटान**

**पद का नामः प्रबंध निदेशक**

**<u>कंपनी प्रोफाइल</u>**

भारत सरकार (जीओआई) और भूटान की शाही सरकार (आरजीओबी) द्वारा अंतर-सरकारी मोड के अंतर्गत भूटान में पुनातसांग्छू-I (1200 मेगावाट) जल विद्युत परियोजना कार्यान्वित की गई है।

वर्ष 2007 में भारत और भूटान के बीच अंतर-राजकीय करार के अनुसरण में, 1200 मेगावाट पुनातसांग्छू-I जल विद्युत परियोजना के निर्माण, प्रचालन एवं अनुरक्षण के लिए तथा परियोजना से अधिशेष विद्युत की निकासी के लिए पुनातसांग्छू-I जल विद्युत परियोजना प्राधिकरण (पीएचपीए-I) की स्थापना की गई थी। इस प्राधिकरण का गठन एक स्वायत्तशासी निकाय के रूप में किया गया है जिसमें एक अध्यक्ष और सात सदस्य होते हैं, जो आंशिक रूप से भूटान की शाही सरकार और आंशिक रूप से भारत सरकार द्वारा नामित किए जाते हैं। प्रबंध निदेशक, पीएचपीए-I प्राधिकरण सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

**<u>कार्य का विवरण और उत्तरदायित्व</u>**

परियोजना के प्रबंध निदेशक प्राधिकरण के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में परियोजना के समग्र प्रभारी होंगे। उन्हें प्रभावी ढंग से कार्य करने और परियोजना को अनुसूची के अनुसार कार्यान्वित और संचालित करने में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त शक्तियां निहित होंगी। उनकी सहायता के लिए प्रबंध निदेशक के अधीन अधिकारियों/विशेषज्ञों की एक टीम होगी।

**<u>पात्रता</u>**

सेवारत कर्मचारी जिनकी सेवानिवृत्ति की तिथि (सेवानिवृत्ति की तिथि 60 वर्ष है) के संदर्भ में आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि को कम से कम तीन वर्ष की सेवा शेष हो।

**<u>सेवायोजन की स्थिति</u>**

आवेदक को, आवेदन की तिथि को, साथ ही साक्षात्कार की तिथि को अनिवार्य रूप से संविदात्मक/तदर्थ क्षमता में नहीं -**अपितु** नियमित क्षमता में सेवायोजित होना चाहिए और निम्निलिखित पात्रता मानदंड पूरे करने चाहिए।

(i) निम्नलिखित अपेक्षाओं के अनुसार, आवेदक को अनिवार्य रूप से केन्द्रीय पीएसयू/राज्य पीएसयू/सीईए/सीडब्ल्यूसी का सेवारत कर्मचारी होना चाहिएः

| | |
|---|---|
| केंद्रीय/राज्य पीएसयू | महाप्रबंधक की रैंक से कम नहीं |
| सीईए/सीडब्ल्यूसी | मुख्य अभियंता की रैंक से कम नहीं |

(ii) आवेदक की, सेवानिवृत्ति की तिथि के संदर्भ में, आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि को कम से कम तीन वर्ष की सेवा शेष होनी चाहिए।

(iii) आवेदक को जल विद्युत परियोजनाओं में अनिवार्य रूप से परियोजना प्रबंधन का पर्याप्त अनुभव (न्यूनतम 3 वर्ष) होना चाहिए।

(iv) आवेदक को सतर्कता की दृष्टि से अनिवार्य रूप से निर्दोष होना चाहिए।

**पात्रता**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल/मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक होना चाहिए। जल विद्युत विकास से संबंधित क्षेत्रों में विशेषज्ञता/उच्च शिक्षा से अतिरिक्त लाभ होगा।

**अनुभव**

अभ्यर्थियों के पास बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं या बांध, पावर हाउस, सुरंग और भूमिगत कार्यों से युक्त जल संसाधन परियोजनाओं की योजना, निविदा, निर्माण और कार्यान्वयन में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। प्रमुख जल संसाधन/भारत से बाहर वाली जल विद्युत परियोजनाओं में उपरोक्त अनुभव वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उसे जल विद्युत अथवा जल संसाधन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में उपयोग की जाने वाली इंजीनियरिंग और निर्माण प्रौद्योगिकी का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। जल विद्युत परियोजनाओं में प्रमुख अथवा प्रभारी अभियंता के रूप में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**नियुक्ति की अवधि**

नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्षों की अवधि के लिए होगी।

**टिप्पणी**

भूटान की शाही सरकार के साथ प्रतिनियुक्ति पर सेवा के दौरान निबंधन एवं शर्तें, भूटानी प्रतिपूर्ति भत्ते के संशोधन के संदर्भ में एमईए के, समय-समय पर यथासंशोधित, दिनांक 21.11.2001 के परिपत्र सं. ई-IV/551/9/2001 तथा एमईए के दिनांक 31 जनवरी, 2018 के नवीनतम परिपत्र द्वारा शासित होंगी।

*****

# आवेदन प्रपत्र

1. आवेदित पद का नाम : प्रबंध निदेशक, पुनातसांग्छू-I जल विद्युत परियोजना, भूटान

2. आवेदक का पूरा नाम :

3. पदनाम/वेतनमान :

4. पिता का नाम :

5. आवेदक की जन्मतिथि :

6. सेवानिवृत्ति की तिथि :

7. डाक का पता :

8. दूरभाष संख्या : कार्यालयः फैक्सः
   निवासः मोबाइलः
   ई-मेलः

9. शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यताः

10. पिछले 10 वर्षों के दौरान धारित पद

| **संख्या** | **पदनाम एवं तैनाती स्थान** | **संगठन** | **से** | **तक** | **वेतनमान** | **सौंपे गए कार्यों की प्रकृति/अनुभव** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. प्रमुख उपलब्धियां, यदि कोई हों

12. क्या पिछले 10 वर्षों के दौरान आवेदक पर कोई शास्ति लगाई गई थी और यह भी कि क्या आवेदक के विरुद्ध कोई कार्रवाई अथवा जांच चल रही है।

दिनांकः (आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर)